रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम )
RailTel Corporation of India Ltd. ( A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक-8.3. 2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

**रेलटेल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 2022 मनाया**

**इस अवसर पर रेलटेल की महिला अधिकारियों की उपलब्धियों पर 'अपराजिता' शीर्षक के साथ एक विशेष समाचार-पत्र का विमोचन किया गया।**

**रेलटेल की उपलब्धि-प्राप्तिकर्ता (Achiever) महिला कार्मिकों को महिला दिवस पुरस्कार से सम्मानित किया गया**

**"रेलटेल अपने कर्मचारियों को एक समावेशी कार्यस्थल उपलब्ध कराती है जहां सभी कार्मिकों के लिए कार्य करने और विकास के अवसर समान हैं। हमें जेंडर इक्वलिटी और ब्रेक-द-बायस(Break the Bias) के लिए समनुरुप और निरंतर कार्य करना होगा। हमें अपनी महिला सहयोगियों के प्रति पूर्वाग्रह को मिटाने का संकल्प लेना होगा": श्री पुनीत चावला, सीएमडी, रेलटेल**

**"जेंडर पूर्वाग्रह, जेंडर समानता की उपलब्धि-प्राप्ति(Achieve) के मार्ग में एक बाधा है। जेंडर सेंसिटाइजेशन समय की मांग है। जेंडर सेंसिटाइजेशन महिलाओं और उनकी समस्याओं के प्रति लोगों की संवेदनशीलता को बढ़ाता है": डॉ. नीतू जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन( IIPA)**

*******

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (RCIL), रेल मंत्रालय के अधीन एक मिनी-रत्न केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ( CPSU) ने आज नई दिल्ली के अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और देश भर के अपने क्षेत्रीय और टेरिटरी कार्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

नई दिल्ली में, श्री पुनीत चावला, सीएमडी/ रेलटेल ने समारोह में एक विशेष भाषण दिया, जबकि डॉ नीतू जैन, एसोसिएट प्रोफेसर (संगठन और व्यवहार विज्ञान क्षेत्र), चेयर इंचार्ज, डॉ अंबेडकर चेयर इन सोशल जस्टिस, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (IIPA)को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया था जिन्होंने जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर वक्तव्य दिया। श्री ए.के. सिंह, निदेशक/वित्त एवं श्री संजय कुमार, निदेशक/नेटवर्क योजना विपणन ने भी इस अवसर पर महिला कार्मिकों को संबोधित किया। सुश्री रुचिरा चटर्जी, महाप्रबंधक/प्रशासन/ रेलटेल ने कार्यक्रम का संचालन किया। सुश्री हरीतिमा जयपुरियार, महाप्रबंधक/आईटी परियोजना/ रेलटेल ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम "एक स्थायी कल के लिए आज जेंडर समानता", #BreakTheBias है।

रेलटेल की उपलब्धि-प्राप्तिकर्ता (Achiever) महिला कार्मिकों के सम्मान में 'अपराजिता' नामक महिला विशेषांक समाचार- पत्र का विमोचन किया गया। रेलटेल की उपलब्धि-प्राप्तिकर्ता महिला कार्मिकों को महिला दिवस पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया।

अपने संबोधन में, श्री पुनीत चावला ने कहा, "मैं अपनी सभी महिला सहयोगियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। यह दिन सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन जेंडर समानता में जागृति लाने,

महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने, महिलाओं की समानता के बारे में जागरूकतावर्धन के लिए कार्रवाई का आह्वान करता है।

महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं और राष्ट्र की आधारशिला होती हैं। वे दुनिया में जीवन लाती हैं। हमारी माताएं, बहनें और बेटियां दूसरों की देखभाल करने में मुख्य भूमिका का निर्वहन करती हैं।

"रेलटेल अपने कर्मचारियों को एक समावेशी कार्यस्थल उपलब्ध कराती है जहां सभी कार्मिकों के लिए कार्य करने और विकास के अवसर समान हैं। हमारे पास कार्यकारी कार्मिकों से लेकर कार्यपालक निदेशकों तक लगभग सभी स्तरों पर महिला कार्मिक हैं। रेलटेल के उत्तरी क्षेत्र, चेन्नई टेरिटरी और कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रशासन एवं सुरक्षा और आईटीपी वर्टिकल का नेतृत्व कार्यपालक निदेशक और महाप्रबंधक स्तर की महिला अधिकारी कर रहीं हैं।

रेलटेल महिला उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाली महिला कार्मिकों को बढ़ावा देने में भी विश्वास रखता है और इसलिए सभी को प्रेरित करने के लिए कई प्रतिष्ठित महिलाओं को विभिन्न कार्यक्रमों में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता रहा है। डॉ मुक्ता, सेवानिवृत्त - निदेशक हरियाणा शिक्षा विभाग जो डॉ सुब्रमण्यम भारती पुरस्कार विजेता हैं को राजभाषा पखवाड़ा में संबोधन के लिए और अर्जुन पुरस्कार विजेता रेसलर सुश्री दिव्या काकरान को खेल के प्रति कार्मिकों को प्रेरणा स्वरुप संबोधन के लिए आमंत्रित किया गया था।

रेलटेल ने अधिक महिला कर्मचारियों को कार्यबल के रुप में शामिल करने की पहल भी की है। पिछले 5 वर्षों में रेलटेल में महिला कर्मचारियों (नियमित, प्रतिनियुक्त, आउटसोर्स) की संख्या में 83% (2017 से 2021 तक) की वृद्धि हुई है अर्थात् 2017 में 1:14 से 2021 में पुरुष महिला अनुपात बढ़कर 1:9 हो गया है।

कंपनी द्वारा हाल ही में की गई महिला केंद्रित पहलों में आर्टेमिस अस्पताल की डॉ आशा द्वारा "सर्वाइकल कैंसर, प्री और पोस्ट मेनोपॉज कंडीशन" पर हेल्थ टॉक( Helth Talk) सत्र और केवल महिला कर्मचारियों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश की मूलभूत बातें और टैक्स भरने पर सत्र भी आयोजित किया गया।

हमें जेंडर इक्वलिटी और ब्रेक-द-बायस (Break the Bias) के लिए समनुरुप और निरंतर कार्य करना होगा। यह केवल निरंतर शिक्षा/चर्चाओं, महिलाओं की भूमिका और अधिकारों से संबंधित संगोष्ठियों और पुरुष सहयोगियों को संवेदनशील बनाने के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है ताकि समाज को आकार देने और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान के लिए उनकी सराहना और सम्मान किया जा सके। हमें अपनी महिला सहयोगियों के प्रति पूर्वाग्रह को मिटाने का संकल्प लेना होगा। मैं डॉ. नीतू जैन की जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर अपने विचार रखने के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूँ।"

अपने संबोधन में, डॉ.नीतू जैन ने कहा, "जेंडर सेंसिटाइजेशन समय की आवश्यकता है। जेंडर सेंसिटाइजेशन के अंतर्गत, पुरुषों और महिलाओं दोनों के स्टीरियो टाइप माइंडसेट को बदलने की आवश्यकता है-एक ऐसी मानसिकता जो दृढ़ता से मानती है कि पुरुष और महिलाएं असमान अस्तित्व हैं और इसलिए उन्हें अलग-अलग सामाजिक आर्थिक स्थान पर कार्य करना होगा। जेंडर सेंसिटाइजेशन महिलाओं और उनकी समस्याओं के प्रति बड़े पैमाने पर लोगों की संवेदनशीलता को बढ़ाता है।

-----------------------------------

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल , रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के विभिन्न कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 60000

मार्गकिलोमीटर से अधिक के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनलबद्ध टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ , रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेड सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाओं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराती है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी कार्य कर रही है और कुल 6095 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई से सज्जित हैं।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-**

sucharita@railtelindia.com